SPAD

केस स्टडी- 2 (जनवरी-2024)

जारी तिथि : 24.01.24

घटनाक्रम:- दिनांक 22.01.24 को उत्तर मध्य रेल के प्रयागराज मण्डल में ट्रेन क्र. 11055 DN लोको क्र. 39033 KYN से जबलपुर मुख्यालय के कर्मीदल द्वारा कार्य करते समय, STA-PRYJ खण्ड के LOG (लोहगरा) स्टेशन का डिस्टेंस सिग्नल एक पीला दिखा, पूरे सेक्शन में घना कोहरा छाया था (दृश्यता लगभग 70 मीटर थी) तथा FSD भी कार्यरत था। लोको पायलट ने गाड़ी की गति 16 Kmph तक कम कर ली, किन्तु उसके बाद 39 Kmph तक गाड़ी की गति बढ़ा दी, आगे सिग्नल लाल था व घना कोहरा होने के बावजूद कर्मीदल ने गति पर ध्यान नहीं दिया, इमरजेंसी ब्रेक लगाने पर भी गाड़ी लोहगरा स्टेशन के होम सिग्नल (जो कर्व में था) को 21Kmph से लाल स्थिति में पार करके 14 मीटर आगे खड़ी हुई (समय:-07:58)।

संभावित कारण :-

- कर्मीदल द्वारा सेक्शन में घना कोहरा होने के बाबजूद भी गाड़ी की गति को नियमानुसार कम न करना।
- कर्मीदल द्वारा कोहरे के मौसम में ली जाने वाली सावधानियो का पालन न करना।
- कर्मीदल द्वारा सिग्नल के संकेतो के अनुसार गाड़ी की गति नियंत्रित न करना।
- सहायक लोको पायलट द्वारा चालक की गतिविधियों पर ध्यान न देना।

उपरोक्त घटना से सबक:-

- ✓ कोहरे के मौसम में ली जाने वाली सावधानियो का कड़ाई से पालन करें।
- ✓ सिग्नल के संकेतो के अनुसार गाड़ी की गति नियंत्रित करें।
- ✓ सहायक चालक एक पीला सिग्नल पार करते समय लोको पायलट की गतिविधियों व गति पर ध्यान दें।
- ✓ एक पीला सिग्नल पार करते समय अगला सिग्नल लाल मानकर सिग्नल पर रुकने के लिए तैयार रहें।
- ✓ लाल सिग्नल से पहले गाड़ी खड़ी करने के लिए लोको पायलट समय से ब्रेकिंग करना सुनिश्चित करें।
- ✓ ALP लाल सिग्नल पर बढ़ते समय थोड़े अंतराल पर LP को "आगे सिग्नल लाल है" याद दिलाते रहें तथा आपात स्थिति भाँपते ही बेझिजक RS खोलें
- ✓ हमेशा ध्यान रखें कि कोहरे के समय गाड़ी की गति उतनी ही रखें, जितनी गति में कर्मीदल अपनी सीट से OHE मास्ट नंबर को आसानी से पढ़ लें।

(पवन कुमार जयंत)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।